# ओटीपी शेयर करने से पहले अवश्य सावधानी बरतें। दिनांक – 17.06.2022

## किसी को भी सिर्फ फोन के आधार पर न डालें पैसे : राजीव तिवारी

**साइबर जागरूकता**

**साइबरक्राइम थाना प्रयागराज मिशन जनपद साइबर अपराधमुक्त**

**इलाहाबाद एक्सप्रेस**

**प्रयागराज** – साइबर क्राइम थाना प्रयागराज पुलिस द्वारा साइबर जागरूकता के क्रम में दिनांक 13 जून को दृष्टि आईएस कोचिंग शिक्षा संस्थान में साइबर जागरूता का आयोजन किया गया जिसमें संस्थान के मैनेजमेंट, शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद रहे । प्रभारी निरीक्षक राजीव तिवारी द्वारा बताया गया कि कोई भी ओटीपी शेयर करने से पहले ओटीपी का मैसेज पढ़ें,अगर आप मैसेज पढ़ लेगें तो आपको पता चल जायेगा, ओटीपी किस लिए माँगी जा रही है व कहीं भी किसी को भी किसी भी काम के लिये सिर्फ फोन वार्ता के आधार पर पैसे ना डालें व साइबर क्राइम आफिसर क0आ0 ग्रेड ए जय प्रकाश सिंह , का0 जितेन्द्र पाल,का0 पंकज कुमार, का0 अनुराग यादव द्वारा पीपीटी के माध्यम साइबर अपराध के बारे में जानकारी दी गयी । कार्यशाला में मौजूद सभी लोगों द्वारा साइबर क्राइम टीम की प्रशंसा की गयी ।

**साइबर जागरूकता**

## साइबरक्राइम थाना प्रयागराज मिशन जनपद साइबर अपराध मुक्त ...

**इलाहाबाद एक्सप्रेस- कपिल सिंह**

**प्रयागराज।** साइबर क्राइम थाना प्रयागराज पुलिस द्वारा साइबर जागरूकता के क्रम में आज दिनांक 16.6.22 को ध्येय आईएस कोचिंग शिक्षा संस्थान में साइबर जागरूता का आयोजन किया गया जिसमें संस्थान के मैनेजमेंट, शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद रहे । साइबर क्राइम आफिसर क0आ0ग्रेड ए जय प्रकाश सिंह द्वारा बताया गया कि आज की दौर में हम लोग ओटीपी का पूरा मैसेज नही पढ़ते है कि किस लिये ओटीपी मांगी गयी, कितने रूपये की मांगी गयी है, जब कोई साइबर अपराधी आप से फोन पर बात कर रहा होता है तो हम लोग जल्दी में बिना मैसेज पूरा पढ़े ओटीपी शेयर कर देते है, अगर हम कोई भी ओटीपी शेयर करने से पहले ओटीपी का मैसेज पढ़ें तो हमें पता चल जायेगा ओटीपी किस लिये मांगी जा रही है, कितने रूपये की ओटीपी मांगी जा रही है , किसी काम के लिये ओटीपी मांगी जा रही है । ओटीपी व्यवस्था हम लोग को किसी अपराध से बचाने के लिये बनायी गयी है, ओटीपी इसीलिये आती है कि हम जब ओटीपी दे रहे है तो इसका मतलब हम सहमत है । ओटीपी पढ़ने से पता चल जायेगा कि जिस काम लिये ओटीपी मांगी गयी है उसी के लिये ओटीपी आया है और ये भी पता चल जायेगा कि पैसा निकलने के लिये ओटीपी तो नही है । ओटीपी मैसेज पढ़ कर आप सतर्क हो जायेगें और साइबर अपराध का शिकार होने से बच जायेगें ।जागरूकता में साइबर क्राइम आफिसर का0 जितेन्द्र पाल,का0 पंकज कुमार, का0 रूप सिंह द्वारा पीपीटी के माध्यम साइबर अपराध के बारे में जानकारी दी गयी । कार्यशाला में मौजूद सभी लोगों द्वारा साइबर क्राइम टीम की प्रशंसा की गयी ।